Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 02-03-2006
Participants : Barad Shri Jasubhai Dhanbhai

an>

Title : Regarding the need to grant funds for development of tourism in Junagarh district, Gujarat.

श्री जसुभाई धानाभाई बारड़ (जूनागढ़) : महोदय, गुजरात राज्य का जूनागढ़ जिला पर्यटन के लिए काफी महत्वपूर्ण स्थल है। इस जिले में भगवान सोमनाथ महादेव का प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर है जो हिन्दुओं के चार प्रसिद्ध धामों में से एक है। इस जिले में गिरनाथ पर्वत भी है। गिरनाथ पर्वत हिन्दुओं और जैन समाज का प्रसिद्ध और धार्मिक स्थान है। इस जिले में एशिया खंड का केसरी सिंह से जुड़ा सासण गिर विस्तार का क्षेत्र भी है और इस जिले का काफी बड़ा क्षेत्र समुद्र तट के किनारे है। इस समुद्रीय तट के किनारे पर एक स्थान दीव है। दीव में ब्रिटिश शासन के समय में बनाया गया एक किला है। इस किले को देखने के लिए देशी विदेशी पर्यटक काफी संख्या में इस स्थान पर आते हैं। इस जिले में धार्मिक और पर्यटन स्थल का महत्व काफी अधिक होने से यहां पर देशी-विदेशी पर्यटक और श्रद्धालु काफी संख्या में आते रहते हैं।

अतः मेरा पर्यटन मंत्री जी से अनुरोध है कि इन सभी महत्वपूर्ण और प्राचीन स्थलों की महत्वता को ध्यान में रखते हुए इस जिले में पर्यटन को प्रोत्साहित किया जाये। पर्यटकों से जुडी आधारभूत आवश्यकताओं पर विशे ध्यान दिया जाये जिससे यहां आने वाले देशी विदेशी पर्यटक और अधिक संख्या में यहां पर आयें और उनको किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

---

* Treated as laid on the Table.